डिजिटल फसल सर्वेक्षण

चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खरीफ सीज़न से पूरे राज्य में डिजिटल फसल सर्वेक्षण परियोजना शुरू करने की घोषणा की है।

- यह कार्यक्रम किसानों को **उन्नत प्रौद्योगिकी** का उपयोग करके अपनी **गिरदावरी (नियमित फसल निरीक्षण)** देखने की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे **फसल क्षति** के लिये **त्वरित बीमा भुगतान** सुनिश्चित होगा और किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेज़ी आएगी।

मुख्य बिंदु:

- **डिजिटल फसल सर्वेक्षण** पहल में ग्रामीण क्षेत्रों के युवा व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा, जो जियो-फेंसिंग जैसी उन्नत तकनीक का उपयोग करेंगे।
  - यह कुशल विधि **खेत में फसल की तस्वीरें लेने की प्रक्रिया** को सरल बनाएगी।
  - सर्वेक्षक द्वारा ली गई **प्रत्येक तस्वीर** में भौगोलिक निर्देशांक **संलग्न होंगे,** जिससे आवश्यक क्षेत्रीय दौरा सुनिश्चित होगा तथा फसल की स्थिति का फोटोग्राफिक प्रमाण उपलब्ध होगा।
  - यह व्यवस्था किसानों को अपने भूमि अभिलेखों की जाँच करने तथा अपनी किसी भी चिंता का समाधान करने में सक्षम बनाती है।
- अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करके, **परियोजना का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना** तथा ग्रामीणों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है।
  - सैटेलाइट इमेजिंग **से संभावित फसलों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिलेगी,** जिससे तुलनात्मक आकलन संभव होगा।
  - किसी भी विसंगति का पता चलने पर सरकारी अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

किसान क्रेडिट कार्ड

- यह योजना वर्ष 1998 में शुरू की गई थी, ताकि किसानों को उनकी कृषि और अन्य आवश्यकताओं जैसे कि बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि जैसे कृषि आगत की खरीद तथा उनकी उत्पादन आवश्यकताओं के लिये नकदी प्राप्त करने हेतु लचीली तथा सरलीकृत प्रक्रियाओं के साथ एकल खिड़की के तहत बैंकिंग प्रणाली से पर्याप्त व समय पर ऋण सहायता प्रदान की जा सके।
- वर्ष 2004 में इस योजना को किसानों की निवेश ऋण आवश्यकता अर्थात संबद्ध और गैर-कृषि गतिविधियों के लिये आगे बढ़ाया गया।
- बजट 2018-19 में सरकार ने मत्स्यपालन **और** पशुपालन करने वाले किसानों को भी **किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की सुविधा देने की घोषणा की है,** ताकि उनकी कार्यशील पूंजी की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद मिल सके।
- **कार्यान्वयन एजेंसियाँ:**
  - वाणिज्यिक बैंक
  - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB)
  - लघु वित्त बैंक
  - सहकारी समितियाँ

जियोफेंसिंग

- जियोफेंसिंग का अर्थ है **"अस्पष्टता द्वारा सुरक्षा"** उपाय, जो वेबसाइट चलाने वालों को पूरी तरह से अप्राप्य रहकर विदेशों से होने वाले साइबर हमलों **के सबसे प्रत्यक्ष रूपों से बचने की अनुमति देता है।**
- जियोफेंसिंग खोज इंजनों को खोजे गए पृष्ठों को अनुक्रमित करने और उन्हें परिणामों में दिखाने में कम प्रभावी बनाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-crop-survey